तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16/05/22	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थीगण उप.। वकील प्रार्थीगण उप. होकर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 CPC बाबत वाद पुनः दर्ज करने बाबत पेश कर निवेदन किया कि उक्त वाद में पेशी दिनांक 07/04/2011 को अदम पैरवी एवं अदम हाजरी में खारिज कर दिया गया। दिनांक 07/04/11 को वकील वादी श्री भाखरराम गोदारा ने बिना वादी को बताये ही न्यायालय में No Instruction कर दिया तथा वादी को इस बात का ज्ञान नहीं था; इस कारण अदालत हाजा में उप. नहीं हो सके एवं वादी वकील ने वादी को पेशी आने से मना कर रखा था इस कारण वादी भी उपस्थित नहीं हो सका। वादी जानबूझकर अनु. नहीं हुए बल्कि उपरोक्त कारण की वजह से उप. नहीं हुआ था। वकील की गलती की सजा पक्षकार को नहीं दी जा सकती। अतः निवेदन है कि वादीगण का वाद पुनः दर्ज किया जावें। न्यायहित में वकील वादीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पत्रावली उपखण्ड कार्यालय चौहटन में होने के कारण तहरीर जारी होकर पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। [signature]	